( राजस्थान–सरकार )

# न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ (राज.)

पीठासीन अधिकारी मोहम्मद अबूबक्र (आर.ए.एस.)

**प्रकरण संख्या :– 46 / 2015**

**बउनवान**

सरकार जर्ये थानाधिकारी पुलिस थाना मॉगरोल जर्ये जिला पुलिस अधीक्षक महो., बारॉ
(सायल)

**बनाम**

आजाद हुसैन 25 वर्ष पुत्र सकुर मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी बमोरीकलां जिला बारॉ
(गैरसायल)

**इस्तगासा अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3**

उपस्थिति :– 1– ए.पी.पी. (सायल)
2–श्री पिंकेश जगरवाल अभिभाषक (गैरसायल)

**निर्णय दिनांक 25.11.2019**

वाक्यात मामला इस्तगासा इस प्रकार है कि गैरसायल आजाद हुसैन पुत्र शकुर मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी बमोरीकलां जिला बारॉ के विरूद्व जिला पुलिस अधीक्षक बारॉ द्वारा राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है।

संक्षिप्त में प्रकरण इस प्रकार है कि गैरसायल के खिलाफ थानाधिकारी पुलिस थाना मॉगरोल जिला बारॉ ने जिला पुलिस अधीक्षक महोदय बारां को रिपोर्ट की है कि पुलिस थाना मॉगरोल जिला बारॉ क्षेत्र के अन्तर्गत गैरसायल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। यह व्यक्ति अवैध जुआ सट्टा खेलने एवं महिला अत्याचार की अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त है। इसके विरूद्व पुलिस थाना मॉगरोल में वर्ष 2009 से 2013 तक की अवधि में कुल 4 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ(3) एवं धारा 498ए, 406 भादस(1) के तहत दर्ज हुये है। उक्त प्रकरणो मे से 3 प्रकरणो मे अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत न्यायालय से सजायाब हो चुका है। इसके विरूद्व अन्तर्गत धारा 110 जा0फो0 के तहत इंसदादी कार्यवाही भी की जा चुकी है। फिर भी इसकी दिनों दिन आपराधिक गतिविधियॉ बढती जा रही है। जिससे समाज के व्यक्तियों व आम जनता में भय, निरन्तर बढता जा रहा है। इसके बावजूद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों पर कोई अंकुश नही लग रहा है। इसके विरूद्व लोग रिपोर्ट करने [illegible] से भी डरते है। इसकी आपराधिक गतिविधियॉ निरन्तर जारी है। इसकी आम शोहरत ठीक नही है। अपराधी का स्वतन्त्र रहना लोकशांती एवं जनहित में हितकर प्रतीत नही है। कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रिया कलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। इस व्यक्ति के विरूद्व राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत विधिक कार्यवाही कर, इस जिले के सीमाक्षेत्र से निष्कासित किया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohammed Abubakr
Date: 2021.03.01 13:28:41 IST
Reason: SelfAttested

इस प्रकार गैरसायल द्वारा आपराधिक कार्य किये जिससे सार्वजनिक शांतिभंग होने से आम जनता मे भय का वातावरण उत्पन्न होता है। गैरसायल को अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ के तहत कुल 3 प्रकरणो मे न्यायालय द्वारा दोष सिद्व भी ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है। यह गुण्डा की परिभाषा में आता है। अतः इसके विरूद्व अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 धारा–3 के तहत कार्यवाही की जावे। इस्तगासा विरूद्व गैरसायल के पेश कर, उक्त आपराधिक कृत्य में मशगूल होने से गैरसायल को गुण्डा घोषित किया जाकर, उसे राज. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत जिले से निष्कासित करने के आदेश चाहे गये।

इसके उपरांत गैरसायल के विरूद्व प्रस्तुत इस्तगासे को दिनांक 12.8.2015 को दर्ज रजिस्टर किया गया तथा पुलिस द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे एवं साक्ष्य के सारगर्भित बिन्दुओ को दर्शाते हुए गैरसायल को आहूत किया गया तथा गैरसायल की जर्ये सम्मन तलबी की गई। गैरसायल द्वारा प्रकरण मे जर्ये अभिभाषक उपस्थिति दी गई। गैरसायल के अनुपस्थित रहने पर उसको गिरफ्तारी वारन्ट से तलब किया गया। गैरसायल द्वारा शीघ्र सुनवाई का प्रार्थना पत्र मय सहमति पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि मेरे दुर्घटना मे घायल होने से रीढ की हड्डी मे परेशानी होने के कारण मैं इस न्यायालय मे उपस्थित नही हो सका। मेरी जमानत देने वाला कोई व्यक्ति नही है। गैरसायल द्वारा प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण करवाने हेतु शीघ्र सुनवाई का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सहमति पत्र के माध्यम से जिला बदर की कार्यवाही के स्थान पर थाना बदर होकर प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण करवाने हेतु निवेदन किया गया। गैरसायल के पत्रावली की आदेशिका पर हस्ताक्षर करवाये जाकर, प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जाकर, गैरसायल के नाम जारी गिरफ्तारी वारन्ट अदम तामील मे वापिस मंगवाया जाकर, प्रकरण मे उभयपक्ष की अंतिम बहस सुनी गई।

**दौराने बहस अभियोजन अधिकारी सरकार पक्ष का मुख्य कथन है कि** गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना मॉगरोल मे वर्ष 2009 से 2013 तक की अवधि में कुल 4 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ(3) एवं धारा 498ए, 406 भादस(1) के तहत दर्ज हुये है। उक्त प्रकरणो मे से 3 प्रकरणो मे अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत न्यायालय से सजायाब हो चुका है। इसके विरूद्व अन्तर्गत धारा 110 जा0फो0 के तहत इंसदादी कार्यवाही भी की जा चुकी है। फिर भी इसकी दिनों दिन आपराधिक गतिविधियॉ बढती जा रही है। जिससे समाज के व्यक्तियों व आम जनता में भय, निरन्तर बढता जा रहा है। इसके बावजूद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों पर कोई अंकुश नही लग रहा है। इसके विरूद्व लोग रिपोर्ट करने में कतराते है एवं साक्ष्य देने से भी डरते है। इसकी आपराधिक गतिविधियॉ निरन्तर जारी है। इसकी आम शौहरत ठीक नही है। अपराधी का स्वतन्त्र रहना लोकशांती एवं जनहित में हितकर प्रतीत नही है। कानून व्य[illegible] लोक शान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रिया कलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। इस आपराधिक सजायाबी रिकार्ड के आधार पर गैरसायल के विरूद्व राजस्थान गुण्डा नि[illegible] अधिनियम, 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत अपराध प्रमाणित है। उक्त कथन की पुष्टि सरकार पक्ष की ओर से प्रस्तुत अभिलेखो से होती है। यह व्यक्ति आपराधिक गतिविधियो मे लि[illegible] है। अतः गैरसायल को जिला बदर किया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohammed Abubakr
Date: 2021.03.01 13:28:41 IST
Reason: SelfAttested

**इसके विपरीत गैरसायल द्वारा मय अभिभाषक उपस्थित** होकर जिला बदर की कार्यवाही के स्थान पर थाना बदर होकर प्रकरण का अन्तिम रूप से निस्तारण करवाने हेतु सहमति पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि मैं गरीब व्यक्ति हूॅ। मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता हूॅ। मेरा गॉव यहॉ से 35 किलोमीटर दूर पडता है। तारीख पेशी पर आने से उस दिन की मजदूरी भी छूट जाती है। अतः मैं स्वंय की सहमति से उक्त प्रकरण का जिला बदर के स्थान पर थाना बदर होकर निस्तारण करवाना चाहता हूॅ। मेरे विरूद्व पुलिस थाना मॉगरोल द्वारा गुण्डा एक्ट की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है। जिसमें जिला बदर की कार्यवाही के स्थान पर मुझे थाना बदर मे पुलिस थाना सीसवाली जिला बारॉ किया जाकर प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण किया जावे। जिसमे मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही है।

मेरे द्वारा अभियोजन अधिकारी पक्ष सरकार एवं गैरसायल के अभिभाषक की बहस सुनी तथा इस्तगासे में प्रस्तुत अभिलेखो का अवलोकन किया जाकर, मनन किया गया। गैरसायल द्वारा प्रस्तुत सहमति पत्र पर विचार किया गया। गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना मॉगरोल जिला बारॉ में वर्ष 2009 से 2013 तक की अवधि में कुल 4 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ(3) एवं धारा 498ए, 406 भादस(1) के तहत दर्ज हुये है। उक्त प्रकरणो मे से 3 प्रकरणो मे अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत न्यायालय से सजायाब हो चुका है। इसके विरूद्व अन्तर्गत धारा 110 जा0फो0 के तहत इंसदादी कार्यवाही भी की जा चुकी है।

अतः उक्त समस्त तथ्यों अनुसार यह साबित होता है कि गैरसायल आजाद हुसैन पुत्र शकुर मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी बमोरीकलां जिला बारॉ द्वारा उक्त अपराध किए गए है। जिसके आधार पर गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 2 (आ) की परिभाषा मे आना पूर्णतया सिद्व है, क्योकि धारा 2 (आ) के प्रावधान के अनुसार गैरसायल को अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत कुल 3 प्रकरणो मे न्यायालय से सजायाब किया जा चुका है।

अतः गैरसायल आजाद हुसैन पुत्र शकुर मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी बमोरीकलां जिला बारॉ को सजायाबी रिकार्ड के आधार पर राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 (आ) के तहत गुण्डा घोषित करता हूॅ तथा राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 (3) (क) के प्रावधानो के अन्तर्गत बारां जिले के पुलिस थाना क्षेत्र मॉगरोल जिला बारॉ से 15 दिन के लिए गैरसायल को निष्कासित किये जाने का आदेश देता हूॅ।

गैरसायल आजाद हुसैन पुत्र शकुर मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी बमोरीकलां जिला बारॉ को राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत पुलिस थाना मॉगरोल जिला बारॉ क्षेत्र से 15 दिन के लिए निष्कासित किया जाता है। गैरसायल उक्त अवधि मे अपनी उपस्थित प्रत्येक दिवस थानाधिकारी पुलिस थाना सीसवाली जिला बारॉ को देगा। इस अवधि में अपराधी ऐसा कोई आचरण नही करेगा, जो व्यक्तियों के प्रतिकूल एवं सामान्य व्यवहार संहिता के विरूद्व हो अर्थात इस अवधि में पूर्ण सचरित्र रहेगा। किसी आपराधिक गतिविधी में भाग नही लेगा। गैरसायल न्यायालय के समक्ष 10,000/– रूपये का स्वंय का मुचलका इस अवधि मे नेकचलन रहने के संबंध मे पेश करेगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohammed Abubakr
Date: 2021.03.01 13:28:41 IST
Reason: SelfAttested

गैरसालय के विरूद्व यह आदेश दिनांक 9.12.2019 से प्रभावी होगा।

नियमानुसार तहरीरे जिला पुलिस अधीक्षक, बारां एवं थानाधिकारी पुलिस थाना अन्ता जिला बारॉ को दी जावे। थानाधिकारी पुलिस थाना मॉगरोल जिला बारॉ को तहरीर दी जावे, जिसमे यह लिखा जावे कि गैरसायल को उक्त आदेश की पालना में जिले के पुलिस थाना मॉगरोल जिला बारॉ से बाहर निष्कासित कर, थानाधिकारी पुलिस थाना अन्ता जिला बारॉ के सुपुर्द कर, पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

निर्णय आज दिनांक 25.11.2019 को मेरे द्वारा सरे इजलास लिखाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली बाद तामील तकमील फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

( मोहम्मद अबूबक्र )
अति0 जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ

Signature Not Verified

Digitally signed by Mohammed Abubakr
Date: 2021.03.01 13:28:41 IST
Reason: SelfAttested

Signature Not Verified

Digitally signed by Mohammed Abubakr
Date: 2019.12.10 13:39:39 IST
Reason: SelfAttested
Location: